| 1. | निरमा कुमारी | प्रेमचंद की कहानियों में चित्रित ग्रामीण समाज | | T.Y.B.A. | 08 | 08 | 09 | 25+25=50 |
| 2. | अक्षिता कुमारी | प्रेमचंद की कहानियों में चित्रित समस्या | | ” | 07 | 07 | 07 | 21+23=44 |
| 3. | मानसी पुरोहित | प्रेमचंद की कहानियों में चित्रित समाज | | ” | 09 | 08 | 08 | 25+24=4[illegible] |
| 4. | कामिनी निर्मल | प्रेमचंद की कहानियों के स्त्री पात्र | | S.Y.B.A. | 06 | 06 | 06 | 18+22=4[illegible] |
| 5. | कुमकुम गुप्ता | प्रेमचंद की कहानियों के ग्रामीण व शहरी पात्र | | ” | 07 | 07 | 07 | 21+17=3[illegible] |
| 6. | आकांक्षा श्रीवास्तव | प्रेमचंद एवं उनका कथा-संसार | | ” | 07 | 06 | 06 | 19+22=4[illegible] |
| 7. | प्रिया पांडे | प्रेमचंद की कहानियों में किसान व मजदूर | | ” | 07 | 06 | 06 | 19+23=42 |
| 8. | निधि मंडल | प्रेमचंद की कहानियों के पुरुष पात्र | | ” | 06 | 06 | 06 | 18+20=38 |
| 9. | रानी राउत | प्रेमचंद की कहानियों में चित्रित गरीब मजदूर | | ” | 06 | 06 | 06 | 18+10=28 |
| 10. | तृप्ति बेंगड़े | प्रेमचंद और उनका कथा-संसार | | F.Y.B.A. | 05 | 05 | 05 | 15+18=33 |
| | | | | | (10) | (10) | (10) | (30) |
| 11. | सोनी कुमारी चौधरी | प्रेमचंद की कहानियों में श्रमिक मजदूर वर्ग | | T.Y.BA | 06 | 06 | 06 | 18+20=38 |
| 12. | अनीता सेन | प्रेमचंद का कथा-संसार | | ” | 05 | 05 | 06 | 16+18=34 |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

**पेपर प्रेजेंटेशन के टॉपिक**

1. प्रेमचंद व उनका कथा-संसार ।
2. प्रेमचंद की कहानियों के ग्रामीण पात्र एवं शहरी पात्र।
3. प्रेमचंद की कहानियों के स्त्री पात्र ।
4. ~~प्रेमचंद की कहानियों के ग्रामीण शहरी पात्र।~~ X
5. प्रेमचंद की कहानियों के पुरुष पात्र ।
6. प्रेमचंद की कहानियों के किसान व मज़दूर।
7. प्रेमचंद की कहानियों में चित्रित ग्रामीण समाज।
8. प्रेमचंद की कहानियों में चित्रित शहरी समाज।
9. प्रेमचंद की कहानियों में चित्रित समस्याएं ।

उपरोक्त उत्सव में सहभाग लेने की इच्छुक छात्राएँ अपने नाम डिग्री कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. सुनीता मिश्रा व श्री रामलखन पाल एवं जूनियर कॉलेज की प्राध्यापिका श्रीमती मंजू यादव को दे सकती हैं ।

(डॉ. संतोष कौल काक)

विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्या

SSS/SKK

मारवाड़ी सम्मेलन संचालित

# बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज

नैक प्रत्यायित बी+ (चतुर्थ चक्र)

महर्षि कर्वे उत्कृष्ट महाविद्यालय पुरस्कार:2022-23

एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविद्यालय, मुंबई से संलग्न

11, कृष्ण कुंज, वाच्छा गांधी रोड, गामदेवी, ग्रांट रोड (पश्चिम), मुंबई-400007.

Tel : 022 23808130, Email : bmruia@yahoo.com, Web : bmrgirlscollege.com

## राष्ट्रीय व्याख्यान-माला: श्रृंखला 03

# भारतीय ज्ञान परंपरा

बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के संयोजन में भारतीय ज्ञान परंपरा के गौरवशाली अतीत का सिंहावलोकन कर उसकी महत्ता को प्रस्थापित करने हेतु आयोजित राष्ट्रीय व्याख्यान-माला (ऑनलाइन मोड) में आप सादर आमंत्रित हैं।

राष्ट्रीय व्याख्यान-19

## विषय:- भारतीय ज्ञान परंपरा और भाषा चिंतन



**प्रो. दिलीप सिंह**

पूर्व निदेशक

लुप्तप्राय भाषा केंद्र

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक

26 अगस्त 2025

11:30 बजे

नीचे दी गई लिंक से व्याख्यान में जुड़े

https://meet.google.com/wbs-oaqs-jpe

Registration Link

https://forms.gle/ZyA8H94Uxuh5GxgC8

निवेदक

| श्री सुरेश देवड़ा | एडवोकेट सुशील व्यास | डॉ. संतोष कौल काक |
|---|---|---|
| मा. महामंत्री, | अध्यक्ष, | प्राचार्या, |
| मारवाड़ी सम्मेलन, मुंबई | मारवाड़ी सम्मेलन, मुंबई | बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज |

**'भारतीय ज्ञान परंपरा और भाषा-चिंतन' विषय पर ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान संपन्न हुआ...**

26 अगस्त 2025 (मुंबई): 'भारतीय ज्ञान परंपरा व्याख्यानमाला' के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के गौरवशाली अतीत का सिंहावलोकन करने व उसकी महत्ता को प्रस्थापित करने हेतु मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित एस.एन.डी.टी.महिला विश्वविद्यालय से संलग्न, नैक प्रत्यायित बी+ (चतुर्थ चक्र) व महर्षि कर्वे उत्कृष्ट महाविद्यालय पुरस्कार: 2022-23 से सम्मानित बी.एम.रुइया गर्ल्स कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन कक्ष के संयोजन में 26 अगस्त 2025 को प्रोफेसर दिलीप सिंह (पूर्व निदेशक, लुप्तप्राय भाषा केंद्र, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्यप्रदेश) का ऑनलाइन व्याख्यान 'भारतीय ज्ञान परंपरा और भाषा-चिंतन' विषय पर संपन्न हुआ।

यह व्याख्यान भाषा चिंतन भारतीय ज्ञान परंपरा के बुनियादी आधारों में से एक विषय पर था। भारत में भाषा-चिंतन की बुनियाद वैदिक काल से ही हमें मिलने लगती है और इसकी शुरुआत वेदों की ऋचाओं को शब्दबद्ध करने से होती है और वेदांग- शिक्षा, निरुक्त, व्याकरण, छंद, कल्प और ज्योतिष आदि में भाषा-चिंतन को विस्तार मिलता है। आगे चलकर यह परंपरा संस्कृत से लेकर प्राकृत, पाली, अपभ्रंश और हिंदी जैसी समस्त भारतीय भाषाओं के विकास और उनके माध्यम से ज्ञान को जन-जन तक पहुँचाने का आधार बनती है।

प्रोफेसर दिलीप सिंह ने बताया कि भारतीय भाषा चिंतन का क्षेत्र जितना विस्तृत है उतना ही सूक्ष्म भी है। इसमें संपूर्ण वेदांगों के समाहित है। भारतीय दर्शन के साथ ही साथ भारतीय काव्यशास्त्रीय परंपरा इसी पर आधारित है। विशेष कर ध्वनि, वक्रोक्ति और रीति संप्रदाय भाषा चिंतन पर आधारित है। इस रूप में इसका भारतीय ज्ञान परंपरा से नाभिनाल का संबद्ध है। उन्होंने यह बताया कि पाश्चात्य भाषा-चिंतन से तुलना करने पर हम पाते है कि यह उनसे कहीं ज्यादा पुष्ट और समृद्ध है। जॉर्ज कॉरडोना, विलियम जोंस, ब्लूम फील्ड, मैक्समूलर जैसे भाषा विज्ञानियों ने भी इसे स्वीकारा है।


प्रो दिलीप सिंह ने भारतीय ज्ञान परंपरा में भाषा चिंतन की समावेशी प्रवृत्ति पर बात करते हुए बताया कि भारतीय भाषा चिंतन के उद्भव और विकास के उत्स वेदों की ऋचाओं के उच्चारण में दिखाई देती है। इतना ही नहीं मंत्रोचार के उच्चारण की शुद्धता हमारे वागव्यापार( Speech Therapy) में भी दिखाई देता।

भाषा चिंतन पर बात करते हुए यह कहा कि मनुष्य के विकास, उसके सामाजिक, सांस्कृतिक विकास या कह लें कि मनुष्य को मनुष्य से जोड़ने की बुनियाद ही भाषा है। भाषा चिंतन के विकास पर अपना मंतव्य रखते हुए कहा कि पाणिनि ने भाषा को व्याकरणिक रूप से समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भतृहरि पर बात करते हुए आपने यह बताया कि भाषा के शब्द को लेकर साधु-असाधु या शिष्ट-अशिष्ट का कोई महत्व नहीं है क्योंकि लोक में प्रचलित शब्द का अपना महत्व है। भाषा चिंतन में सामान्य या असामान्यता महत्वहीन है। सर आपने भतृहरि पर बात करते हुए यह बताया कि भाषा को लोक से जोड़ने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

इस ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान में देश के विभिन शहरों से लगभग 60 शिक्षा से जुड़े लोगों ने सहभाग लिया साथ ही महाविद्यालय की लगभग 40 छात्राएँ एवं 05 प्राध्यापक सहभागी रहे। व्याख्यान का संचालन और आभार हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री रामलखन पाल ने दिया।

# भारतीय ज्ञान परंपरा

## भारतीय ज्ञान परंपरा और भाषा-चिंतन, 26 अगस्त 2025






# हिंदी सप्ताह : 2025 ब्रोशर

Marwadi Sammelan's
# B. M. RUIA GIRLS' COLLEGE
NAAC ACCREDITED B+ (3rd Cycle)
Affiliated to SNDT Women's University, Mumbai
*Maharshi Karve Best College Award 2022-23*
11, Krishna Kunj, Vachha Gandhi Road, Gamdevi, Mumbai - 400 007.
Tel. : 022 - 2380 8130
E-mail : principal1958@gmail.com / bmruia@yahoo.com
023.bmrgirlscollege@gmail.com • Website : www.bmrgirlscollege

विद्ययाऽमृतमश्नुते

Dr. Santosh Kaul Kak
Principal

Ref. No. :

Date : 23/08/2025

## सूचना

आप सभी को ये बताते हुए हर्ष हो रहा है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा **"हिंदी सप्ताह"** (08 सितंबर 2025 से 14 सितंबर 2025) का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक छात्राएँ अपने नाम निम्नलिखित प्रतियोगिताओं के लिए श्री रामलखन पाल और श्रीमती मंजू यादव को 04 सितंबर 2025 तक दे सकती हैं ।

**साप्ताहिक कार्यक्रम**

08 सितंबर :- वाद-विवाद प्रतियोगिता
**विषय :-** 1.आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस - भविष्य के लिए अवसर है , खतरा नहीं ।
2. OTT प्लेटफार्म अभिशाप या वरदान

09 सितंबर :- निबन्ध लेखन / आशु भाषण
**विषय :-** निबंध - 2047 में मेरे सपनों का भारत.

10 सितंबर :- भाषण / कहानी लेखन
**विषय :-** 1.भारतीय संस्कृति और चरित्र निर्माण
2. यौन अपराध और कानूनी सुरक्षा
3. मेरे भविष्य के लिए मेरे द्वारा लिखा गया पत्र
4.डिजिटल प्लेटफॉर्म और विद्यार्थियों की सृजनात्मकता
5.राष्ट्रवाद बनाम भाषावाद

11 सितंबर :- अंताक्षरी / काव्य पाठ

12 सितंबर :- अन्तर्महाविद्यालय निबंध प्रतियोगिता
**विषय :-** 2047 में मेरे सपनों का भारत.

13 सितंबर :- अन्तर्महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता
**विषय :-** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस - भविष्य के लिए अवसर है, खतरा नहीं।

14 सितंबर :- क्विज (Quiz)

B. M. RUIA GIRLS' COLLEGE Grant Road (W), Mumbai-7.

डॉ. संतोष कौल काक
प्राचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्ष

PRINCIPAL
B. M. Ruia Girls' College
Grant Rd., MUMBAI-7.

# महाविद्यालय परिपत्र दिनांक 23.08.2025

Scanned with OKEN Scanner

Dr. Santosh Kaul Kak
Principal

Marwadi Sammelan's
# B. M. RUIA GIRLS' COLLEGE
NAAC ACCREDITED B+ (3rd Cycle)
Affiliated to SNDT Women's University, Mumbai
*Maharshi Karve Best College Award 2022-23*
11, Krishna Kunj, Vachha Gandhi Road, Gamdevi, Mumbai - 400 007.
Tel. : 022 - 2380 8130
E-mail : principal1958@gmail.com / bmruia@yahoo.com
023.bmrgirlscollege@gmail.com • Website : www.bmrgirlscollege

Ref. No. : बी.एम.आर./अ.वा.वि.प्र./2025-26/127

Date : 22/08/2025

आदरणीय प्राचार्य / हिंदी विभागाध्यक्ष,

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि **"हिंदी दिवस"** के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे महाविद्यालय में निम्नलिखित अन्तर्महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है।

| प्रतियोगिता का नाम | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| **अन्तर्महाविद्यालय निबंध प्रतियोगिता** | **12/09/2025** | **12:30 से 01:30 बजे** |
| **श्रीमती सावित्री देवी विश्वनाथ चमडिया अन्तर्महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता** | **13/09/2025** | **11:30 बजे** |

*निबंध प्रतियोगिता का विषय :- 2047 में मेरे सपनों का भारत।*

*वाद-विवाद का विषय :- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस - भविष्य के लिए अवसर है , खतरा नहीं ।*

कृपया अपने महाविद्यालय से दो प्रतियोगियों के नाम 09/09/2025 तक bmr.hindidept@gmail.com इस मेल पर या डाक द्वारा प्रवेश भेजकर हमें अनुगृहीत करें ।

धन्यवाद,

भवदीया,

डॉ. संतोष कौल काक

प्राचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्ष

PRINCIPAL
B. M. Ruia Girls' College
Grant Rd., MUMBAI-7.

B. M. RUIA GIRLS' COLLEGE Grant Road (W), Mumbai-7.

Marwadi Sammelan's
**B. M. RUIA GIRLS' COLLEGE**
NAAC ACCREDITED B+ (3rd Cycle)
Affiliated to SNDT Women's University, Mumbai
*Maharshi Karve Best College Award 2022-23*
11, Krishna Kunj, Vachha Gandhi Road, Gamdevi, Mumbai - 400 007.
Tel. : 022 - 2380 8130
E-mail : principal1958@gmail.com / bmruia@yahoo.com
023.bmrgirlscollege@gmail.com • Website : www.bmrgirlscollege

विद्ययाऽमृतमश्नुते

Dr. Santosh Kaul Kak
Principal

Ref. No. :

Date :

## वाद विवाद प्रतियोगिता के नियम

1. इस प्रतियोगिता में स्नातक स्तर तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं।
2. प्रत्येक महाविद्यालय से इस प्रतियोगिता में केवल दो विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। एक विद्यार्थी विषय के पक्ष में तथा दूसरा विद्यार्थी विपक्ष में बोलेगा ।
3. प्रतियोगी हिंदी भाषा के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करेंगे।
4. इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी को किसी भी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं देना पड़ेगा ।
5. प्रतियोगी को अपना वक्तव्य 5 मिनट में समाप्त करना होगा ।
6. प्रतियोगी को विचार प्रस्तुत करते समय देखकर बोलने की अनुमति नहीं होगी
7. इस प्रतियोगिता के निर्णायक शिक्षा, मीडिया एवं सरकारी कार्यालयों के हिंदी विभाग में कार्य करनेवाले प्रतिष्ठित व्यक्ति होंगे ।
8. प्रतियोगी वाद-विवाद प्रतियोगिता के दिन निश्चित समय से आधा घंटा पूर्व आकर अपनी उपस्थिति की सूचना आयोजक को दे दें ।
9. प्रथम तीन प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया जाएगा।
10. अहिंदी भाषी वक्ताओं को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे।
11. जो महाविद्यालय सर्वाधिक अंक प्राप्त करेगा उसे एक वर्ष के लिए विजय पद्म प्रदान किया जाएगा। समान अंक पानेवाले दोनों महाविद्यालय इस विजय पद्म को छः-छः माह के लिए रख सकेंगे । अवधि समाप्त होने पर यह विजयपद्म अच्छी स्थिति में प्राचार्य बी.एम.रुइया गर्ल्स कॉलेज को लौटने की जिम्मेदारी विजयी महाविद्यालय की होगी । विजय पद्म को होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति की सारी जिम्मेदारी विजयी महाविद्यालय की होगी।

**************

Marwadi Sammelan's

# B. M. RUIA GIRLS' COLLEGE

NAAC ACCREDITED B+ (3rd Cycle)

Affiliated to SNDT Women's University, Mumbai

***Maharshi Karve Best College Award 2022-23***

11, Krishna Kunj, Vachha Gandhi Road, Gamdevi, Mumbai - 400 007.

Tel. : 022 - 2380 8130

E-mail : principal1958@gmail.com / bmruia@yahoo.com

023.bmrgirlscollege@gmail.com • Website : www.bmrgirlscollege

Dr. Santosh Kaul Kak

Principal

Ref. No. : Date :

## निबंध प्रतियोगिता के नियम

1. इस प्रतियोगिता में जूनियर एवं स्नातक स्तर तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं ।
2. प्रत्येक महाविद्यालय से केवल 2 विद्यार्थी भाग ले सकते हैं ।
3. प्रतियोगी विद्यार्थियों को प्रतियोगिता प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व पहुँचकर महाविद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करवानी होगी ।
4. निबंध 'हिंदी' भाषा में होना चाहिए ।
5. निबंध लेखन के लिए 1 घंटे का समय दिया जाएगा।
6. निर्णायकों द्वारा दिए गए अंकों को ध्यान में रखकर प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे।
7. निर्णायकों का निर्णय अंतिम होगा।
8. उपर्युक्त नियमों में परिवर्तन, परिवर्द्धन और संशोधन का आयोजक को पूरा अधिकार होगा।

**************

Marwadi Sammelan's

# B. M. RUIA GIRLS' COLLEGE

NAAC ACCREDITED B+ (3rd Cycle)

**Affiliated to SNDT Women's University, Mumbai**

***Maharshi Karve Best College Award 2022-23***

**11, Krishna Kunj, Vachha Gandhi Road, Gamdevi, Mumbai - 400 007.**

**Tel. : 022 - 2380 8130**

**E-mail : principal1958@gmail.com / bmruia@yahoo.com**

**023.bmrgirlscollege@gmail.com • Website : www.bmrgirlscollege**

विद्ययाऽमृतमश्नुते

**Dr. Santosh Kaul Kak**
**Principal**

Ref. No. :

Date :

## निबंध प्रतियोगिता के नियम

1. इस प्रतियोगिता में जूनियर एवं स्नातक स्तर तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं ।
2. प्रत्येक महाविद्यालय से केवल **2** विद्यार्थी भाग ले सकते हैं ।
3. प्रतियोगी विद्यार्थियों को प्रतियोगिता प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व पहुँचकर महाविद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करवानी होगी ।
4. निबंध 'हिंदी' भाषा में होना चाहिए ।
5. निबंध लेखन के लिए **1** घंटे का समय दिया जाएगा।
6. निर्णायकों द्वारा दिए गए अंकों को ध्यान में रखकर प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे।
7. निर्णायकों का निर्णय अंतिम होगा।
8. उपर्युक्त नियमों में परिवर्तन, परिवर्द्धन और संशोधन का आयोजक को पूरा अधिकार होगा।

**************

# <u>प्रवेश पत्र</u>

महाविद्यालय का नाम

________________________

________________________

________________________

फोन नंबर :- ____________________

दिनांक :- ______________________

सेवा में,
प्राचार्य,
बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज,
गामदेवी, मुंबई 400007

महोदया,

आपके महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में हमारे महाविद्यालय के निम्नलिखित विद्यार्थी भाग लेंगे।

अन्तर्महाविद्यालय निबंध प्रतियोगिता - **<u>12/09/2025 समय : 12:30 से 01:30 बजे</u>**

1) नाम______________________________ कक्षा _______ फोन नंबर _____________________

2) नाम______________________________ कक्षा _______ फोन नंबर _____________________

अन्तर्महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता - **<u>13/09/2025 समय : 11:30 बजे</u>**

1) नाम______________________________ कक्षा_______ फोन नंबर _____________________

2) नाम______________________________ कक्षा_______ फोन नंबर _____________________

भवदीय,

कॉलेज की सील

# हिंदी सप्ताह 2025 संपन्न..

मुंबई,15 सितंबर' 2025 मारवाड़ी सम्मेलन संचालित महर्षि कर्वे उत्कृष्ट महाविद्यालय सम्मान: 2022-23 से सम्मानित बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज (नैक 4th Cycle) के हिंदी विभाग द्वारा IQAC के अधीन हिंदी सप्ताह 2025 (08 सितंबर 2025 से 14 सितंबर 2025) तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर मनाया गया।

## 08 सितंबर 2025 को Google Meet के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुई...

08 सितंबर 2025 को हिंदी विभाग द्वारा Google Meet के Platform पर ऑनलाइन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष वाद-विवाद प्रतियोगिता के दो विषय निर्धारित किए गये थे

1- आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) भविष्य के लिए अवसर है, खतरा नहीं।


2- OTT प्लेटफॉर्म वरदान है या अभिशाप ।

इस ऑनलाइन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 20 छात्राओं ने सहभाग लिया। इनमें से चयनित छात्राओं ने 9 सितंबर को महाविद्यालय में अपनी बात रखी । जिनमें से प्रथम पुरस्कार-

प्रथम पुरस्कार- बारहवीं की छात्रा कुमारी करिश्मा राजपुरोहित को प्राप्त हुआ।

द्वितीय पुरस्कार- तृतीय वर्ष की छात्रा कुमारी अक्षिता शर्मा को प्राप्त हुआ।

इस प्रतियोगिता में ऑनलाइन मोड पर महाविद्यालय की लगभग 40 छात्राओं और प्राध्यापकों ने श्रोता के रूप में सहभाग लिया।




हिंदी सप्ताह 2025, वाद-विवाद प्रतियोगिता, 09 सितंबर 2025

## 09 सितंबर 2025 को निबंध लेखन एवं आशु-भाषण प्रतियोगिता संपन्न हुई...

09 सितंबर 2025 को महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा निबंध लेखन एवं आशु-भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय था- '2047 में मेरे सपनों का भारत'। इस निबंध लेखन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 30 छात्राओं ने सहभाग लिया। जिनमें से-

प्रथम पुरस्कार- तृतीय वर्ष की छात्रा निरमा कुमारी को प्राप्त हुआ।

द्वितीय पुरस्कार- बारहवीं की छात्रा करिश्मा राजपुरोहित को प्राप्त हुआ।

तृतीय पुरस्कार- द्वितीय वर्ष की कुमारी पूजा चौधरी को प्राप्त हुआ।

प्रोत्साहन पुरस्कार- तृतीय वर्ष की छात्रा  कुमारी अंजली राऊत को प्राप्त हुआ।




हिंदी सप्ताह 2025, निबंध  प्रतियोगिता, 09 सितंबर  2025

आशु भाषण प्रतियोगिता में इस वर्ष कुल तीन विषय छात्राओं को प्रतियोगिता के शुरु होने से 10 मिनट पहले दिए गये थे। जो इस प्रकार हैं-

1- राष्ट्र की एकता में हिंदी की भूमिका

2- महिला सुरक्षा और कानून

3- एक भारतीय नागरिक के कर्तव्य

उक्त तीनों ही विषयों पर आयोजित इस आशु-भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 20 छात्राओं ने सहभाग लिया। जिनमें से-

प्रथम पुरस्कार- बारहवीं की छात्रा कुमारी करिश्मा राजपुरोहित को प्राप्त हुआ।

द्वितीय पुरस्कार- तृतीय वर्ष की छात्रा मानसी पुरोहित को प्राप्त हुआ।

तृतीय पुरस्कार- तृतीय वर्ष की छात्रा अक्षिता शर्मा को प्राप्त हुआ।

प्रोत्साहन पुरस्कार- बारहवीं की छात्रा भाविका चौहान को प्राप्त हुआ।




हिंदी सप्ताह 2025, आशु-भाषण प्रतियोगिता, 09 सितंबर 2025

**10 सितंबर 2025 को कहानी लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता संपन्न हुई...**

10 सितंबर 2025 को महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा कहानी लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कहानी लेखन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 25 छात्राओं ने सहभाग लिया। कहानी लेखन प्रतियोगिता में छात्राओं एक निश्चित वाक्य के द्वारा उनकी कल्पना और भावनाओं की संवेदनशीलता को विशेष रूप से परखा जाता है।

कहानी लेखन प्रतियोगिता में-

प्रथम पुरस्कार- द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी पूजा चौधरी को प्राप्त हुआ।

द्वितीय पुरस्कार- द्वितीय वर्ष की छात्रा  कुमारी कुमकुम गुप्ता को प्राप्त हुआ।

तृतीय पुरस्कार- बारहवीं की छात्रा  कुमारी करिश्मा राजपुरोहित को प्राप्त हुआ।

प्रोत्साहन पुरस्कार- बारहवीं की छात्रा कुमारी कनिष्का मिस्त्री को प्राप्त हुआ।




हिंदी सप्ताह 2025,  कहानी लेखन  प्रतियोगिता, 10 सितंबर  2025

**भाषण प्रतियोगिता में इस वर्ष कुल पाँच विषय दिए गये थे। जो इस प्रकार हैं-**

1- भारतीय संस्कृति और चरित्र निर्माण

2- यौन अपराध और कानूनी सुरक्षा

3- मेरे भविष्य के लिए मेरे द्वारा लिखा गया पत्र

4- डिजिटल प्लेटफॉर्म और विद्यार्थियों की सृजनात्मकता

5- राष्ट्रवाद बनाम भाषावाद

उक्त पाँचों ही विषयों पर आयोजित इस भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 15 छात्राओं ने सहभाग लिया। जिनमें से-

प्रथम पुरस्कार- द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी पूजा चौधरी को प्राप्त हुआ।

द्वितीय पुरस्कार- तृतीय वर्ष की छात्रा मानसी पुरोहित को प्राप्त हुआ।




**हिंदी सप्ताह 2025, भाषण प्रतियोगिता, 10 सितंबर 2025**

# कार्यशाला

10 सितंबर, 2025 को, मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित बी. एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और हिंदी विभाग के संयुक्त संयोजन में 'Civis-Sisterhood Campaign' संस्था के सहयोग से 'Theatre for Civic Voice – Using storytelling and art to amplify civic issues' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी। सुश्री अराधना उबाले और उनकी नाट्य मंडली ने महाविद्यालय की छात्राओं को स्ट्रीट प्ले और कथा कथन की कला पर छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

सिस्टरहूड संस्था की नाट्य मंडली ने इस कार्यशाला में छात्राओं में रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता लाने के लिए और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए स्ट्रीट प्ले और स्टोरी टेलिंग पर छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया।

छात्राओं को स्ट्रीट प्ले प्रदर्शन कला को समझने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है। इसके अलावा, यह महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को संबोधित करता है और सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान देता है। परिणामस्वरूप, स्ट्रीट प्ले छात्राओं को सशक्त बनाना टीम वर्क, संचार और समस्या-समाधान जैसे आवश्यक जीवन कौशल विकसित करता है। ये कौशल भविष्य की सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो छात्रों को जटिल सामाजिक मुद्दों को समझने और नवीन समाधान विकसित करने में सक्षम बनाते हैं।

नुक्कड़ नाटक क्लब की प्रमुख विशेषताओं में से एक है रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने की क्षमता। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से छात्रों को अपने विचारों, भावनाओं और संवेदनाओं को व्यक्त करने का एक रचनात्मक मंच मिलता है। चाहे वे पटकथा लिख रहे हों, वेशभूषा डिजाइन कर रहे हों या मंच पर प्रदर्शन कर रहे हों, छात्रों को कलात्मक क्षेत्र में विभिन्न रास्ते तलाशने की स्वतंत्रता मिलती है, जिससे उनका आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान काफी बढ़ सकता है। छात्रों को रचनात्मक रूप से खुद को अभिव्यक्त करने के लिए सशक्त बनाना उनके व्यक्तिगत विकास पर गहरा प्रभाव डाल सकता है।

नाट्य मंडली के श्री आमोद ने नुक्कड़ नाटक पर बात करते हुए कहा कि नुक्कड़ नाटक अक्सर गरीबी, असमानता और पर्यावरण स्थिरता जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर आधारित होते हैं। विभिन्न दृष्टिकोणों का प्रतिनिधित्व करने वाली भूमिकाएँ निभाने से छात्राओं को दूसरों के संघर्षों की गहरी समझ मिलती है, जिससे समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। और यही भावना अपने  समाज को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित कर करती है।

storytelling and art to amplify civic issues' अर्थात नागरिक समस्याओं की अभिव्यक्ति की कला पर बात करते हुए बताया कि नागरिक मुद्दों को उजागर करने के लिए कहानी सुनाने (स्टोरीटेलिंग) और कला का संगम एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरा है। यह न केवल जटिल सामाजिक समस्याओं को मानवीय चेहरा देता है, बल्कि डेटा और आंकड़ों से परे जाकर लोगों की भावनाओं को भी छूता है। जब किसी सामाजिक समस्या को पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक या लघु फिल्मों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है, तो वह जनता के बीच गहरी सहानुभूति और जागरूकता पैदा करती है। कलात्मक अभिव्यक्ति कठिन संवादों को सरल बनाती है और समुदाय के भीतर चर्चा का माहौल तैयार करती है, जिससे लोग केवल दर्शक न रहकर बदलाव के सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित होते हैं। अंततः, यह माध्यम हाशिए पर रहने वाली आवाजों को मंच प्रदान कर शासन और नीति-निर्माण में जवाबदेही सुनिश्चित करने का एक सशक्त जरिया है।

इस कार्यशाला में महाविद्यालय की लगभग 50 स्वयंसेविकाओंके साथ 3 कार्यक्रम अधिकारी और 3 शिक्षकों ने सह भाग लिया।

मारवाड़ी सम्मेलन संचालित

## बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज

हिंदी विभाग



**Theatre for Civic Voice – Using storytelling and art to amplify civic issues, 10.09. 2025**

मारवाड़ी सम्मेलन संचालित

बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज

हिंदी विभाग




**Theatre for Civic Voice – Using storytelling and art to amplify civic issues, 10.09. 2025**

**11 सितंबर 2025 को 'कविता प्रतियोगिता: स्वरचित एवं कविरचित' एवं 'अंताक्षरी प्रतियोगिता'  संपन्न हुई।**

**11 सितंबर 2025 को महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 'कविता प्रतियोगिता: स्वरचित एवं कविरचित' एवं 'अंताक्षरी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया।**

**'कविता: स्वरचित एवं कविरचित' प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 20 छात्राओं सहभागिता की जिनमें से-**

**प्रथम पुरस्कार- तृतीय वर्ष की छात्रा मानसी पुरोहित को प्राप्त हुआ।**

**द्वितीय पुरस्कार- बारहवीं की छात्रा भाविका चौहान को प्राप्त हुआ।**

**तृतीय पुरस्कार- बारहवीं की छात्रा कुमारी करिश्मा राजपुरोहित को प्राप्त हुआ।**




हिंदी सप्ताह 2025,  काव्य पाठ प्रतियोगिता, 11 सितंबर  2025

**हिंदी कविताओं पर आधारित अंताक्षरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं के कुल 04 समूह ने सहभागिता की जिनमें से-**

प्रथम पुरस्कार- तृतीय वर्ष की छात्राओं: अंजली सिंह, अक्षिता शर्मा व मानसी पुरोहित के समूह को प्राप्त हुआ।




हिंदी सप्ताह 2025, अंताक्षरी प्रतियोगिता, 11 सितंबर 2025

## 12 सितंबर 2025 को अंतर्महाविद्यालय निबंध प्रतियोगिता संपन्न हुई...

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 12 सितंबर 2025 को अंतर्महाविद्यालयीन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय था- '2047 में मेरे सपनों का भारत'। इस प्रतियोगिता में मुंबई विश्वविद्यालय एवं एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविद्यालय से संलग्न 8 महाविद्यालयों के लगभग 15 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।




हिंदी सप्ताह 2025, अंतर्महाविद्यालयीन निबंध लेखन प्रतियोगिता, 12 सितंबर 2025

Marwadi Sammelan's
B. M. Ruia Girls' College
Gamdevi, Grant Road, Mumbai 400 007

"हिंदी सप्ताह"

"अन्तर्महाविद्यालय निबंध प्रतियोगिता"

*विषय :- 2047 में मेरे सपनों का भारत।*

**Individual Evaluation Sheet**

Date : 12-09-2025

Name of the Judge : डॉ. प्रशांत देशपांडे    Name of the Judge : श्रीमती सुनिता चौहान    Name of the Judge : श्रीमती सुनिता मिश्रा

| क्र. | प्रतियोगी का नाम | मूल्यांकन | | | कुल | मूल्यांकन | | | कुल | मूल्यांकन | | | कुल | Total मूल्यांकन | | | Total कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (10) विषयवस्तु | (10) भाषा | (10) पूर्ण प्रभाव | (30) | (10) विषयवस्तु | (10) भाषा | (10) पूर्ण प्रभाव | (30) | (10) विषयवस्तु | (10) भाषा | (10) पूर्ण प्रभाव | (30) | (30) विषयवस्तु | (30) भाषा | (30) पूर्ण प्रभाव | (90) | |
| 1 | अंजली राउत | 8 | 6 | 7 | 21 | 8 | 8 | 7 | 23 | 7 | 8 | 8 | 23 | 23 | 22 | 22 | 67 | 3 |
| 2 | दिव्या रजक | 9 | 8 | 8 | 25 | 6 | 5 | 6 | 17 | 6 | 6 | 6 | 18 | 21 | 19 | 20 | 60 | |
| 3 | कोमल झा | 7 | 6 | 6 | 19 | 7 | 7 | 7 | 21 | 6 | 6 | 7 | 19 | 20 | 19 | 20 | 59 | |
| 4 | निरमा कुमारी | 8 | 7 | 7 | 22 | 8 | 8 | 8 | 24 | 9 | 9 | 8 | 26 | 25 | 24 | 23 | 72 | 1 |
| 5 | तुलसी माली | 9 | 6 | 6 | 21 | 8 | 7 | 6 | 21 | 7 | 7 | 7 | 21 | 24 | 20 | 19 | 63 | |
| 6 | प्रीति यादव | 6 | 5 | 5 | 16 | 6 | 6 | 7 | 19 | 5 | 5 | 5 | 15 | 17 | 16 | 17 | 50 | |
| 7 | फिंजल रा. बारिया | 9 | 8 | 9 | 26 | 6 | 6 | 7 | 19 | 6 | 6 | 7 | 19 | 21 | 20 | 23 | 64 | |
| 8 | पीहू सं सोनार | 9 | 9 | 9 | 27 | 6 | 7 | 9 | 22 | 6 | 8 | 8 | 22 | 21 | 24 | 26 | 71 | 2 |

## बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज, गामदेवी में हिंदी दिवस संपन्न...

13 सितंबर 2025 (मुंबई) को मारवाड़ी सम्मेलन संचालित बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर 'श्रीमती सावित्रीदेवी विश्वनाथ चमड़िया अन्तर्महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय था "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-भविष्य के लिए अवसर है, खतरा नहीं।"

कार्यक्रम में मारवाड़ी सम्मेलन एवं समारोह के अध्यक्ष एडवोकेट श्री सुशील व्यास जी, विशिष्ट अतिथि के रुप में सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के मुख्य प्रबंधक श्री सुधीर पाठक जी, मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री श्री सुरेश देवड़ा जी एवं निर्णायक के रूप में नवभारत टाइम्स के मुख्य संवाददाता श्री नवीन पांडे जी, बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र की शाखा प्रबंधक श्रीमती रेखा कंवर जी, स्वामी विवेकानंद विद्यालय और कनिष्ठ महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री राजेंद्र उपाध्याय जी उपस्थित थे।

मारवाड़ी सम्मेलन एवं समारोह के अध्यक्ष एडवोकेट श्री सुशील व्यास जी ने ज्वलंत विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन करने हेतु महाविद्यालय एवं हिंदी विभाग की सराहना की साथ ही प्रतियोगियों को प्रोत्साहित करते हुए वाद-विवाद प्रतियोगिता के महत्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित किया।

मुख्य अतिथि श्री सुधीर पाठक जी ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें ऋषि मुनियों की परंपरा को आगे बढ़ते हुए अपनी बुद्धि का विकास करना है तथा किसी भी तकनीक का सही उपयोग करना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

प्राचार्या डॉ संतोष कौल काक जी ने प्रतियोगियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'हिंदी गौरवपूर्ण एवं समृद्ध भाषा है जो भारत के कण-कण में समाहित है एवं वैश्विक स्तर पर सम्मानित हो रही है तथा आज छात्र परिवर्तन के दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और विविध विषयों के बीच अंतर्संबंधों एवं क्षमताओं को समझ उसका संतुलित उपयोग करें ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वभाषा,सद्विचार, सदप्रेरणा, सदवाणी, स्वत्व, भारतीय दर्शन का अमृत आवश्यक प्राप्त हो सके।'

कार्यक्रम में एस.एन.डी.टी महिला विश्वविद्यालय एवं मुंबई विश्वविद्यालय के लगभग 25 विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

प्रथम पुरस्कार- करिश्मा राजपुरोहित ( बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज )

द्वितीय पुरस्कार- स्तुति जोसफ (सेंट जेवियर्स कॉलेज)

तृतीय पुरस्कार- संजना यादव ( इस्माइल युसूफ कॉलेज)

अहिंदी भाषी प्रोत्साहन पुरस्कार- आरती फालके (वी.पी.एम. जूनियर कॉलेज)

शील्ड पाने का गौरव इस्माइल युसूफ कॉलेज को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका श्रीमती महेश्वरी मुरडेश्वर तथा श्रीमती मंजू यादव ने किया। अतिथियों का परिचय- प्राध्यापक श्री रामलखन पाल, नियमों की जानकारी डॉ रूपाली प्रजापति तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यपिका डॉ सुनीता मिश्रा ने किया।









**हिंदी सप्ताह 2025, अंतर्महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता, 13 सितंबर 2025**

मारवाड़ी सम्मेलन संचालित

# बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज

नैक प्रत्यायित बी+ (चतुर्थ चक्र)

महर्षि कर्वे उत्कृष्ट महाविद्यालय पुरस्कार:2022-23

**एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविद्यालय, मुंबई से संलग्न**

11, कृष्ण कुंज, वाच्छा गांधी रोड, गामदेवी, ग्रांट रोड (पश्चिम), मुंबई-400007.
Tel : 022 23808130, Email : bmruia@yahoo.com, Web : bmrgirlscollege.com

## राष्ट्रीय व्याख्यान-माला: श्रृंखला 03

# भारतीय ज्ञान परंपरा

**बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के संयोजन में भारतीय ज्ञान परंपरा के गौरवशाली अतीत का सिंहावलोकन कर उसकी महत्ता को प्रस्थापित करने हेतु आयोजित राष्ट्रीय व्याख्यान-माला (ऑनलाइन मोड) में आप सादर आमंत्रित हैं।**

राष्ट्रीय व्याख्यान- 20

## विषय:- भारतीय ज्ञान परंपरा और वैदिक साहित्य



**प्रो. लहू गायकवाड़**

**प्रोफेसर इतिहास विभाग**

**नारायणगांव कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय, महाराष्ट्र**

**29 सितंबर 2025**
**11:30 बजे**

**नीचे दी गई लिंक से व्याख्यान में जुड़े**
**https://meet.google.com/wbs-oaqs-jpe**
**Registration Link**
**https://forms.gle/eHWVD4oE4RqbNuHNA**

**निवेदक**

| **श्री सुरेश देवड़ा** | **एडवोकेट सुशील व्यास** | **डॉ. संतोष कौल काक** |
|---|---|---|
| मा. महामंत्री, | अध्यक्ष, | प्राचार्या, |
| मारवाड़ी सम्मेलन, मुंबई | मारवाड़ी सम्मेलन, मुंबई | बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज |

**'भारतीय ज्ञान परंपरा और वैदिक साहित्य' विषय पर ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान संपन्न...**

मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित बी. एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज (महर्षि कर्वे उत्कृष्ट महाविद्यालय पुरस्कार-2022-23), मुंबई के हिंदी विभाग द्वारा 'भारतीय ज्ञान परंपरा व्याख्यानमाला' के अंतर्गत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयोजन में 29 सितंबर 2025 को ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का विषय 'भारतीय ज्ञान परंपरा और वैदिक साहित्य' था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा के गौरवशाली अतीत का सिंहावलोकन करना तथा उसकी महत्ता को प्रस्थापित करना रहा।

इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में नारायण गांव कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय, पुणे के इतिहास विभाग के प्रोफेसर प्रो. लहू गायकवाड़ ने अपने विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान से Google Meet के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपस्थित सभी गणमान्य सहभागियों का मार्गदर्शन किया।

प्रो. लहू गायकवाड़ ने अपने वक्तव्य का शुभारंभ ऋग्वेद की पावन ऋचा "ओम पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते" से करते हुए वैदिक साहित्य और परवर्ती वैदिक साहित्य की समृद्ध परंपरा को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि वैदिक साहित्य भारतीय ज्ञान परंपरा के बुनियादी आधारों में से एक है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में भाषा-चिंतन का आरंभ वेदों से होता है। वैदिक साहित्य केवल धार्मिक ग्रंथों का संकलन नहीं, अपितु यह दार्शनिक, सामाजिक और वैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। आज के परिप्रेक्ष्य में इसे योग, आयुर्वेद, दर्शन, खगोलशास्त्र, पराभौतिक और शिक्षा के मूल उत्स के रूप में देखा जा सकता है।

प्रो. गायकवाड़ ने वेदों में विज्ञान और कलाओं की प्रामाणिक एवं वैज्ञानिक परंपरा का उल्लेख करते हुए बताया कि वैदिक साहित्य में वर्णित गणित के सूत्र आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने वैदिक साहित्य में निहित शिक्षा, निरुक्त, व्याकरण, छंद, कल्प और ज्योतिष जैसी विधाओं की चर्चा की, जिन पर वर्तमान में भी शोध जारी है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि साहित्य का मूलाधार वाक् और उच्चार है, जिस पर वैदिक साहित्य तथा परवर्ती वैदिक साहित्य में, विशेषकर पाणिनि और पतंजलि की रचनाओं में, व्यापक चर्चा मिलती है।

उन्होंने वेदों, ब्राह्मण ग्रंथों, उपनिषदों एवं आरण्यकों में निहित साहित्य पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही लौकिक साहित्य के अंतर्गत रामायण, महाभारत तथा श्रीमद्भागवत के साहित्यिक तत्त्वों पर भी उन्होंने विस्तार से विचार प्रकट किए। वैदिक साहित्य की इस परंपरा को उन्होंने संस्कृत से लेकर प्राकृत, पाली, अपभ्रंश और हिंदी जैसी समस्त भारतीय भाषाओं के विकास तथा ज्ञान के जन-जन तक प्रसार का आधार बताया।

प्रोफेसर लहू गायकवाड़ ने भारतीय ज्ञान परंपरा की गरिमा और वैदिक साहित्य की बहुआयामी प्रासंगिकता को बेहद सफलतापूर्वक उजागर करते हुए अपने वक्तव्य से प्रतिपाद्य विषय का विवेचन किया।

इस ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान में देश के विभिन्न शहरों से लगभग 75 शिक्षाविदों ने सहभाग लिया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की लगभग 50 छात्राएँ एवं 05 प्राध्यापक भी इस व्याख्यान में सहभागी रहे। व्याख्यान का कुशल संचालन एवं आभार ज्ञापन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री रामलखन पाल द्वारा किया गया।

# भारतीय ज्ञान परंपरा
# भारतीय ज्ञान परंपरा और वैदिक साहित्य



# वाचन प्रेरणा दिन 2025

भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद् डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जन्मदिवस 15 अक्टूबर को प्रतिवर्ष 'वाचन प्रेरणा दिन' के रूप में मनाया जाता है। इस पावन अवसर पर महाविद्यालय में छात्राओं में पुस्तक संस्कृति को जीवंत रखने एवं पठन-पाठन के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से 14 अक्टूबर 2025 को यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 04 में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 15 छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्राओं ने उनके जीवन की प्रेरणादायक घटनाओं, वैज्ञानिक योगदान तथा शैक्षणिक दृष्टिकोण पर अपने अनुभव एवं विचार साझा किए।

कार्यक्रम में उपस्थित संकाय सदस्यों में समाजशास्त्र विभाग की सहयोगी प्राध्यापक डॉ. हेमलता मासीवाल मैडम, कॉमर्स विभाग के सहयोगी प्राध्यापक डॉ कश्यप गणात्रा, हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री रामलखन पाल प्रबंधन विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुश्री उमा प्रभु ने छात्राओं को वाचन संस्कृति के महत्व पर प्रेरणादायक संबोधन दिया। उन्होंने एकमत से यह विचार व्यक्त किया कि एक बेहतर मनुष्य बनने के लिए प्रतिदिन कुछ समय पुस्तकों के साथ व्यतीत करना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षकों ने डॉ. कलाम के जीवन को उद्धृत करते हुए बताया कि किस प्रकार पुस्तकों से प्राप्त ज्ञान ने एक साधारण बालक को देश के सर्वोच्च पद तक पहुँचाया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की लगभग 35 छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। छात्राओं ने वाचन प्रेरणा दिन के अवसर पर अपने व्यक्तिगत पठन-अनुभव, पसंदीदा पुस्तकों के बारे में जानकारी एवं किताबों से प्राप्त जीवन की सीख साझा की। इस जीवंत सहभागिता ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायक बनाया।

'वाचन प्रेरणा दिन' का यह आयोजन न केवल डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित करने का माध्यम बना, बल्कि इससे छात्राओं में पठन-पाठन के प्रति एक नई चेतना का संचार हुआ। इस कार्यक्रम से यह स्पष्ट हुआ कि पुस्तकें न केवल ज्ञान का स्रोत हैं, बल्कि वे चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



## बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज के विभाग एवं हिंदुस्तानी प्रचार सभा के संयुक्त आयोजन में वाक् स्पर्धा संपन्न...

## 08 जनवरी 2026

### वाक् स्पर्धा के आयोजन की पृष्ठभूमि एवं प्रयोजन

भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम ही नहीं है, बल्कि वह विचारशीलता, चेतना और समाज-निर्माण की आधारशिला है। इसी विश्वास को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज का हिंदी विभाग एवं हिंदुस्तानी प्रचार सभा ने संयुक्त रूप से  वाक् स्पर्धा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मूल ध्येय है- छात्राओं में मातृभाषा के प्रति अनुराग जागृत करना, उनकी वाचन-कुशलता को निखारना और उन्हें समसामयिक सामाजिक विषयों पर तार्किक एवं सुसंगठित रूप से अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना।

आज के तीव्र-गति, डिजिटल युग में जहाँ संवाद के माध्यम बदल रहे हैं, वहीं युवा पीढ़ी में सार्वजनिक भाषण, प्रभावी संप्रेषण और आत्मविश्वास के साथ विचार-प्रकटन की क्षमता विकसित करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। वाक् स्पर्धा जैसे मंच छात्राओं को न केवल भाषा पर अधिकार प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें नागरिक चेतना, आलोचनात्मक दृष्टि और सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध भी जागृत करते हैं। हिंदुस्तानी प्रचार सभा जैसी संस्था के साथ इस संयुक्त प्रयास ने इस आयोजन को और अधिक व्यापक और प्रासंगिक बना दिया।

### प्रतियोगिता के विषय एवं उनकी प्रासंगिकता

इस वाक् स्पर्धा में छात्राओं को दो महत्त्वपूर्ण समसामयिक विषयों में से किसी एक पर अपने विचार प्रस्तुत करने थे —

### १. भारतीय संस्कृति एवं चरित्र निर्माण

यह विषय उन मूलभूत प्रश्नों को उठाता है जो हमारी सांस्कृतिक पहचान और युवा पीढ़ी के नैतिक निर्माण से जुड़े हैं। भारतीय परंपरा, मूल्य-प्रणाली और आधुनिकता के मध्य संतुलन की आवश्यकता पर विचार-विमर्श इस विषय को अत्यंत प्रासंगिक बनाता है।

### २. यौन शोषण और कानूनी सुरक्षा

यह विषय आज के समाज की एक गंभीर और संवेदनशील समस्या को रेखांकित करता है। महिलाओं की सुरक्षा, कानूनी अधिकारों की जानकारी और सामाजिक जागरूकता, ये तीनों पहलू एक महिला महाविद्यालय के संदर्भ में विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण और समीचीन हैं।

### आयोजन का विवरण

08 जनवरी 2026 को बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज के ऐतिहासिक मेजर रामप्रसाद पोद्दार सभागृह में इस वाक् स्पर्धा का आयोजन किया गया। सभागृह में उपस्थित अतिथियों, निर्णायकों और उत्साही दर्शकों के समक्ष महाविद्यालय की 31 प्रतिभाशाली छात्राओं ने अपने विचारों को धारावाहिक, सटीक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सुचारू संचालन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री राम लखन पाल ने किया, जिन्होंने अतिथियों एवं निर्णायकों का परिचय भी दिया और पूरे आयोजन को अनुशासित एवं गरिमापूर्ण रूप प्रदान किया।

### पुरस्कार वितरण

निर्णायक मंडल ने छात्राओं के भाषण का मूल्यांकन भाषा-सौष्ठव, प्रस्तुति-कौशल, विषय की गहराई और आत्मविश्वास के आधार पर किया। 31 प्रतिभागियों में से पाँच उत्कृष्ट छात्राओं को निम्नलिखित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया —

प्रथम पुरस्कार- मानसी पुरोहित को प्राप्त हुआ।

द्वितीय पुरस्कार- करिश्मा राजपुरोहित को प्राप्त हुआ।

तृतीय पुरस्कार- निरमा कुमारी को प्राप्त हुआ।


प्रथम प्रोत्साहन पुरस्कार- सीता चौधरी को प्राप्त हुआ।

द्वितीय प्रोत्साहन पुरस्कार- यास्मीन शेख को प्राप्त हुआ।

## उपसंहार

यह वाक् स्पर्धा केवल एक प्रतियोगिता नहीं थी — यह भारतीय भाषा, सोच और स्त्री-शक्ति के अनूठे संगम का उत्सव थी। प्रतिभागी छात्राओं ने अपनी वाक्-क्षमता, सामाजिक समझ और भाषिक दक्षता का जो परिचय दिया, वह सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। हिंदी विभाग एवं हिंदुस्तानी प्रचार सभा का यह सम्मिलित प्रयास निश्चित ही महाविद्यालय की सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक परंपरा को समृद्ध करता है।

ऐसे आयोजन भविष्य में भी निरंतर होते रहें और छात्राओं को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन एवं विकास का अवसर प्रदान करते रहें, यही इस आयोजन की सच्ची सार्थकता है।




बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज के विभाग एवं हिंदुस्तानी प्रचार सभा के संयुक्त आयोजन में वाक् स्पर्धा संपन्न, 08-01-2026

## श्री रामप्रसाद पोद्दार अंतर महाविद्यालय भजन प्रतियोगिता संपन्न
## बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज, मुंबई; 16 जनवरी 2026

### आयोजन का परिचय

मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज के श्री रामप्रसाद पोद्दार सभागृह में 16 जनवरी 2026 को एक भव्य एवं प्रेरणादायी अंतर महाविद्यालय भजन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक आयोजन में एस.एन.डी.टी. एवं मुंबई विश्वविद्यालय के लगभग 20 प्रतिभाशाली प्रतियोगियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### विशिष्ट अतिथि एवं निर्णायक मंडल

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन की पवित्र परंपरा के साथ हुआ। इस अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री श्री सुरेश देवड़ा जी, सीताराम देवड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के संयोजक श्री विजय सिंघल जी तथा सम्माननीय अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध हिन्दुस्तानी शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायिका श्रीमती आसावरी फड़के जी की गरिमामय उपस्थिति रही। निर्णायक मंडल में संगीत विशारद श्री विजय मोरे जी, श्रीमती निलाक्षी कामत जी एवं शास्त्रीय गायक व संगीतकार श्री एलड्रिन विसानिगे जी सम्मिलित थे।

### प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन

मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री श्री सुरेश देवड़ा जी ने प्रतियोगियों को प्रोत्साहित करते हुए महाविद्यालय को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी। सम्माननीय अतिथि श्रीमती आसावरी फड़के जी एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों ने अपनी सुरीली आवाज में भजन प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को संगीत के सुर, ताल एवं लय की बारीकियों से परिचित कराया तथा उनका कुशल मार्गदर्शन किया।

### आयोजन का उद्देश्य

महाविद्यालय की उपप्राचार्या एवं आई.क्यू.ए.सी. की समन्वयक डॉ. नूरुज़िया काजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भजन, भक्ति, श्रद्धा और आत्मिक शांति का एक अद्भुत माध्यम है, जो छात्राओं को उनके व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों से भी जोड़ता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि छात्राओं को भारतीय संस्कृति और संगीत परंपरा से परिचित कराना ही इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है।

### कार्यक्रम संचालन

कार्यक्रम में अतिथियों एवं निर्णायकों का परिचय प्राध्यापिका श्रीमती नाजनीन शेख ने दिया। मंच संचालन प्राध्यापिका डॉ. सुनीता मिश्रा एवं श्रीमती मंजू यादव ने कुशलतापूर्वक किया। नियमों की जानकारी प्राध्यापिका उमा प्रभू ने प्रतियोगियों को दी तथा कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापिका श्रीमती महेश्वरी मुरडेश्वर जी ने किया।

### पुरस्कार वितरण

इस प्रतियोगिता में निम्नलिखित विद्यार्थी विजयी रहे-

प्रथम पुरस्कार हिंदूजा कॉलेज की तनीषा दामले को प्राप्त हुआ।

द्वितीय पुरस्कार हिंदूजा कॉलेज के ही कार्तिक लेले को प्राप्त हुआ।

तृतीय पुरस्कार एस.एन.डी.टी. कॉलेज, चर्चगेट की मानसी भागवत को प्राप्त हुआ।

प्रोत्साहन पुरस्कार एस.एन.डी.टी. कॉलेज, चर्चगेट की गौरी मालू को प्रदान किया गया।

सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त करने के गौरव के साथ सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय की शील्ड हिंदूजा कॉलेज को प्रदान की गई। यह आयोजन सांस्कृतिक चेतना, संगीत की साधना और युवा प्रतिभाओं के उत्साह का एक सुंदर संगम बना।



श्री रामप्रसाद पोद्दार अंतर महाविद्यालय भजन प्रतियोगिता, 16-01-2026




श्री रामप्रसाद पोद्दार अंतर महाविद्यालय भजन प्रतियोगिता, 16-01-2026

*Marwadi Sammelan's*

**B. M. RUIA GIRLS' COLLEGE**

Gamdevi, Mumbai-400 007

*"Shri Ramprasad Poddar Inter- Collegiate Bhajan Competition"*

*16th January 2026, Time:- 11.30 am.*

**Final Evaluation Sheet**

Name of the Judge 1 Vijay More — Signature : विजय मोरे

Name of the Judge 2 Nilakshi Kamat — Signature : [signature]

Name of the Judge 3 Aldrin Bisanige — Signature : [signature]

Date : 16-01-2026 Venue : B.M. Ruia Girls' College, No of Total Participants :

| Sr. No. | Name of the Participant | College / Department Phone No. | Phone No. of the Participant | Class | Judge 1 Total | Judge 2 Total | Judge 3 Total | Total | Prizes |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 30 | 30 | 30 | 90 | |
| 1 | Tanisha Damle | Hinduja College | | | 27 | 22 | 24 | 73 | 1st |
| 2 | Kartik Lele | Hinduja College | | | 25 | 18 | 23 | 66 | 2nd |
| 3 | Mansi Bhagwat | SNDT college, churchgate | | | 23 | 15 | 21 | 59 | 3rd |
| 4 | Gauri Malu | SNDT college | | | 21 | 13 | 12 | 46 | Consolat |
| 5 | | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | | |
| 9 | | SHIELD - HINDUJA COLLEGE | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | | | |
| 11 | | | | | | | | | |
| 12 | | | | | | | | | |
| 13 | | | | | | | | | |
| 14 | | | | | | | | | |
| 15 | | | | | | | | | |

B.M. RUIA GIRLS' COLLEGE Grant Road (W), Mumbai-7.

[signature]
Incharge Principal
B.M. Ruia Girls' College
Grant Road, MUMBAI-07.

## अन्तर्महाविद्यालय स्वरचित काव्य-पाठ प्रतियोगिता सम्पन्न...
## बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज, मुंबई; 17 जनवरी 2026

### काव्य-मंच बना आत्मविश्वास और सृजनशीलता का उत्सव

मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज के श्रीराम प्रसाद पोद्दार सभागृह में शनिवार, 17 जनवरी 2026 को एक भव्य अन्तर्महाविद्यालय स्वरचित काव्य-पाठ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, अपितु छात्राओं की सुप्त प्रतिभा को मंच देने, उनकी आंतरिक भावनाओं को शब्दों में ढालने और उनके व्यक्तित्व को निखारने का एक सार्थक प्रयास था। कविता के माध्यम से छात्राएँ अपने विचारों, संवेदनाओं और जीवन-अनुभवों को सृजनात्मक रूप में अभिव्यक्त कर सकती हैं, जो उनके मानसिक विकास, भाषाई कुशलता और आत्मविश्वास को सुदृढ़ करता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एस.एन.डी.टी. एवं मुंबई विश्वविद्यालय के लगभग 25 प्रतियोगियों ने उत्साहपूर्वक सहभाग लिया।

### कविता: छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सशक्त कदम

कविता-लेखन छात्राओं में भाषा के प्रति संवेदनशीलता जागृत करता है और उनकी कल्पनाशक्ति को विस्तार देता है। स्वरचित काव्य-पाठ से उनमें मंच पर बोलने का साहस, स्पष्ट उच्चारण और प्रभावी अभिव्यक्ति का कौशल विकसित होता है, जो उनके समग्र व्यक्तित्व-निर्माण में अत्यंत सहायक है। इसके साथ ही, अन्तर्महाविद्यालय स्तर पर आयोजन से छात्राओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जन्म लेती है, जो उन्हें जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करती है। हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति युवा पीढ़ी में अभिरुचि बनाए रखना भी इस आयोजन का एक प्रमुख उद्देश्य था।

गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति से कार्यक्रम हुआ गरिमामण्डित

कार्यक्रम में मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष एडवोकेट श्री सुशील व्यास, महामंत्री श्री सुरेश देवड़ा एवं सीताराम देवड़ा इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के संयोजक श्री विजय सिंघल की गरिमामयी उपस्थिति रही। निर्णायक मंडल में सुप्रसिद्ध कवि श्री नंदलाल क्षितिज, प्राध्यापिका श्रीमती रमावती यादव एवं कवि एवं निर्देशक श्री संदीप कुमार ने अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी: अध्यक्षीय उद्बोधन

अध्यक्षीय उद्बोधन में एडवोकेट श्री सुशील व्यास ने प्रतियोगियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिंदगी में हमेशा आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए, क्योंकि आत्मविश्वास ही इंसान को सफलता के मार्ग तक पहुँचाता है। उनके ये उद्गार इस आयोजन की आत्मा को प्रतिबिंबित करते हैं, क्योंकि काव्य-मंच पर खड़े होकर अपनी रचना सुनाना स्वयं में आत्मविश्वास का सबसे बड़ा अभ्यास है। निर्णायक श्री नंदलाल क्षितिज एवं श्री संदीप कुमार ने अपनी काव्य-प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि श्रीमती रमावती यादव ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए इस सुव्यवस्थित आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की।

### सृजनशीलता और कल्पनाशक्ति को मिला प्रोत्साहन

महाविद्यालय की आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर डॉ. नूरुज़िया काज़ी ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि कविता विचारों और भावनाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि ऐसे आयोजन छात्राओं को अपने भीतर झाँकने, समाज को समझने और अपनी संवेदनाओं को रचनात्मक रूप देने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने छात्राओं की सृजनात्मकता, कल्पनाशक्ति एवं आत्मविश्वास की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अतिथियों एवं निर्णायकों का परिचय वरिष्ठ सहयोगी प्राध्यापिका डॉ. सुनीता मिश्रा ने दिया। कार्यक्रम का सुचारु संचालन प्राध्यापिका श्रीमती माहेश्वरी मुरूडेश्वर एवं प्राध्यापिका श्रीमती रूपाली प्रजापति ने किया, प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी सहायक प्राध्यापक श्री रामलखन पाल ने दी तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापिका श्रीमती मंजू यादव ने किया।

**पुरस्कार वितरण: प्रतिभाओं को मिला सम्मान, कॉलेज को मिली शील्ड**

**प्रथम पुरस्कार करिश्मा राजपुरोहित (बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज),**
**द्वितीय पुरस्कार दृष्टि पटवा (सोफिया कॉलेज),**
**तृतीय पुरस्कार निदा अंसारी (महाराष्ट्र कॉलेज)**
**प्रोत्साहन पुरस्कार दिव्यांश मिश्रा (के.जे. सोमैया कॉलेज**) को प्रदान किया गया।

इस प्रतियोगिता में समग्र उत्कृष्टता के लिए **शील्ड प्राप्त करने का गौरव बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज** को प्राप्त हुआ। यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि जब शिक्षण संस्थाएँ छात्राओं की सृजनशीलता को पोषित करने का संकल्प लेती हैं, तो प्रतिभा स्वयं अपना मार्ग बना लेती है।




अन्तर्महाविद्यालय स्वरचित काव्य-पाठ प्रतियोगिता, 17-01-2026

*Marwadi Sammelan's*

## B. M. RUIA GIRLS' COLLEGE

Gamdevi, Mumbai-400 007

***Inter- Collegiate "Self Composed Poetry Recitation "Competition***
*17th January 2026 Time:- 11.30 a.m.*

**Final Evaluation Sheet**

Name of the Judge 1 श्री नंदलाल क्षितिज — Signature : [signature]
Name of the Judge 2 श्रीमती रमा यादव — Signature : [signature]
Name of the Judge 3 श्री संदीप कुमार — Signature : संदीप कुमार

Date : 17-01-2026 Venue : B.M. Ruia Girls' College No of Total Participants : ______

| Sr. No. | Name of the Participant | Name of the College | Phone No. of the Participant | Class | Judge 1 Total | Judge 2 Total | Judge 3 Total | Grand Total | Prizes |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 30 | 30 | 30 | 90 | |
| 1 | करिश्मा राजपुरोहित | बी. एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज | प्रथम | | 27 | 28 | 29 | 84 | प्रथम |
| 2 | दृष्टि पटवा | सोफिया कॉलेज | द्वितिय | | 30 | 26 | 27 | 83 | द्वितिय |
| 3 | निदा अंसारी | महाराष्ट्र कॉलेज | तृतीय | | 29 | 25 | 27 | 81 | तृतीय |
| 4 | दिव्यांश मिश्रा | के. जे. सोमैय्या कॉलेज | प्रोत्साहन | | 25 | 26 | 25 | 76 | प्रोत्साहन |
| 5 | | | | | | | | | |
| 6 | | शील्ड – बी. एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | | |
| 9 | | | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | | | |

Noopur Pai
Incharge Principal
B.M. Ruia Girls' College
Grant Road, MUMBAI-07.

*Marwadi Sammelan's*

